**भारत सरकार**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय**
**वाणिज्य विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1325**

**दिनांक 03 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**कौशल विकास और क्षमता निर्माण**

**1325. एडवोकेट चन्द्र शेखरः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में निर्यातोन्मुख उद्योगों में अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्गों की वर्तमान भागीदारी दर कितनी है;

(ख) समान अवसर सुनिश्चित करने और व्यापार लाइसेंस, निर्यात प्रोत्साहन और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से संबंधित सरकारी निविदाओं तक पहुंचने में हाशिए पर रहने वाले समुदायों को हो रहे भेदभाव को दूर करने के लिए अन्य कौन-कौन से कदम उठाए गए हैं; और

(ग) तीन वर्षों के दौरान निर्यातो-उन्मुख क्षेत्रों में विशेष रूप से एससी/एसटी/ओबीसी व्यक्तियों के लिए कितने कौशल विकास और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए गए और निर्यात कार्यकलापों में उनकी बाद की भागीदारी पर आंकड़ो का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री**

**(श्री पीयूष गोयल)**

(क) से (ग): वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, लघु उद्योगों और सीमांत व्यापारियों पर विशेष ध्यान देते हुए व्यापार और निर्यातोन्मुखी उद्योग को बढ़ावा देता है। किए गए उपायों के संबंध में आंकड़े विशिष्ट श्रेणीवार नहीं रखे जाते हैं।

*****